राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,चित्तौड़गढ़ (राज.)

girlscollegecor@gmail.com
दूरभाष एवं फैक्स : 01472–251301

दिनांक :– 27/06/2022

प्रेस नोट

बस्सी में इस सत्र से 160 सीटों के साथ शुरू होगा गर्ल्स कॉलेज, 27 जून से प्रवेश प्रारंभ

शहर चित्तौड़गढ के बस्सी में खुले नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय, बस्सी के नॉडल प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने बताया की इस सत्र में प्रथम वर्ष कला (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजस्थानी साहित्य, गृहविज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान विषय) के लिए 160 सीटें निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन 27 जून से भरे जा रहे हैं। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 9 जुलाई है। सहायक आचार्य डॉ. लोकेश जसोरिया को नोडल अधिकारी बनाया है।
डॉ. लोकेश जसोरिया ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन होंगी, छात्राएं ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकेगी । स्थाई भवन निर्माण के लिए भूमि चयन कर दी है। अस्थाई संचालन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी के भवन में होगा। इधर राजकीय कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ में स्नातक प्रथम बी.ए, बीएससी, बी–कॉम में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 27 जून से शुरू होगी। 27 जून से ईमित्र पर ऑनलाइन माध्यम से स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 9 जुलाई 2022 है और 13 जुलाई को अंतरिम वरियता सूची व प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन होगा।

Sd/--
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर कन्या
महाविद्यालय,चित्तौड़गढ़